भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2481

जिसका उत्तर 05.03.2020 को दिया जाना है

वाहनों पर उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट

2481. श्री बृजेन्द्र सिंहः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों ने नियमानुसार सभी वाहनों पर उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) की अनिवार्य प्री-फिटिंग को लागू कर लिया है;

(ख) यदि नहीं, तो किन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने इसे अभी तक लागू नहीं किया है;

(ग) क्या एचएसआरपी प्रभावकारिता और उपयोगिता की जांच के लिए कोई अध्ययन किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम रहे?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 के अनुसार उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) की पूर्व-फिटिंग की अनिवार्यता से संबंधित नियम जारी किया है। मंत्रालय को उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) के प्रावधानों को कार्यान्वित नहीं करने वाले किसी राज्य(यों) से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) और (घ): एचएसआरपी की प्रभावकारिता और उपयोगिता की जांच करने के लिए ऐसा कोई अध्ययन नहीं किया गया है।

*****